भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2771
उत्तर देने की तारीख 20 दिसम्बर, 2023

बीएसएनएन और एमटीएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन

2771. श्री ओम पवन राजेनिंबालकरः
श्री विनायक भाऊराव राऊतः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में बीएसएनएल और एमटीएनएल के सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उन्हें समय पर पेंशन प्रदान की जा रही है और क्या सरकार ने इस संबंध में कोई समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा बीएसएनएल और एमटीएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन प्रदान की जा रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इसके कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है;

(ड.) क्या बीएसएनएल और एमटीएनएल के उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक भी छठे वेतन आयोग के अनुरूप पेंशन दी जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का इन कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (च) पिछले पांच वर्षों में बीएसएनएल और एमटीएनएल के अधिवर्षिता प्राप्त कर्मचारियों का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। बीएसएनएल और एमटीएनएल के आमेलित कर्मचारियों के संबंध में पेंशन का निर्णय आमेलन के समय अपनाए गए उनके विकल्पों के अनुसार किया जाता है।

अनुबंध-I

वर्ष	सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या (बीएसएनएल)	सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या (एमटीएनएल)
2018	16,315	2,875
2019	17,509	2,972
2020	86,822*	15,102*
2021	1,597	108
2022	1,642	143
2023 (30.11.2023 तक)	1,421	170

(*वीआरएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों सहित)

*****